पत्रांक–10 / नि0 (CPGRAM)-79/2025 (CN. 543056) 393

बिहार सरकार

मद्य निषेद्य, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

प्रेषक,

अजय यादव,
सचिव,
बिहार पटना।

सेवा में,

सभी जिला अवर निबंधक,
सभी अवर निबंधक,
बिहार।

पटना, दिनांक:– 15.01.26.

विषयः– **विवाह निबंधन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष विवाह निबंधन नियमावली, 1955 के तहत सभी धर्मों के अनुयायिओं के लिए विवाह निबंधन का प्रावधान है। विवाह निबंधन के लिए ई–निबंधन (https://enibandhan.bihar.gov.in) सॉफ्टवेयर के माध्यम से पक्षकार को ऑनलाईन आवेदन कर अभिप्रेत विवाह या विवाह निबंधन की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। विवाह के निबंधन हेतु दोनों पक्षों द्वारा निम्न कागजात ऑनलाईन अपलोड किये जाते हैं:–

i. ID Proof
ii. DOB Proof
iii. Address Proof
iv. Proof of Marriage
v. Photographs

ऐसे मामले प्रकाश में आये हैं कि विवाह निबंधन हेतु समर्पित ऑनलाईन आवेदन कार्यालय के लॉग–ईन में प्राप्त होने के उपरान्त उसपर त्वरित कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही दोनों पक्षों से कार्यालय मे भौतिक रूप से भी आवश्यक कागजात तथा शपथ–पत्र की मांग की जाती है, जिसकी आवश्यकता नहीं है। भौतिक कागजात उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में उनके आवेदन को लंबित रखा जाता है या आवेदक के लॉग–ईन में Revert कर दिया जाता है, इसके कारण विवाह निबंधन में विलंब होता है तथा पक्षकार को कठिनाई होती है।

ऑनलाईन व्यवस्था का आशय कार्यों का पारदर्शी तरीके से त्वरित निष्पादन एवं भौतिक कागजात की बाध्यता समाप्त किया जाना है। ऑनलाईन व्यवस्था के बावजूद भी विवाह निबंधन हेतु भौतिक रूप से कागजात की मांग किया जाना उचित नहीं है।

अतः उपर्युक्त आलोक में निदेशित किया जाता है कि–

1. अभिप्रेत विवाह या विवाह निबंधन हेतु प्राप्त ऑनलाईन आवेदन का प्रतिदिन निष्पादन किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

2. अभिप्रेत विवाह या विवाह निबंधन हेतु आवेदन के हार्ड कॉपी एवं अन्य भौतिक कागजात की मांग नहीं किया जाय।

3. अभिप्रेत विवाह या विवाह निबंधन हेतु किसी प्रकार का शपथ–पत्र की मांग नहीं किया जाय।

4. प्रावधानित समय–सीमा के अंदर विवाह निबंधन प्रमाण–पत्र जारी किया जाय।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

(अजय यादव)
सचिव
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 10 / नि0 (CPGRAM)-79/2025 (CN. 543056) 393 / पटना, दिनांकः– 15.01.26
प्रतिलिपिः– सभी प्रमण्डलीय सहायक निबंधन महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव 15/1/26
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 10 / नि0 (CPGRAM)-79/2025 (CN. 543056) 393 / पटना, दिनांकः– 15.01.26
प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त / समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव 15/1/26
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 10 / नि0 (CPGRAM)-79/2025 (CN. 543056) 393 / पटना, दिनांकः– 15.01.26
प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव 15/1/26
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 10 / नि0 (CPGRAM)-79/2025 (CN. 543056) 393 / पटना, दिनांकः– 15.01.26
प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव 15/1/26
बिहार, पटना।